अमर उजाला
15-1-2025

जीएमएन कॉलेज में दी छात्रवृत्ति

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में मेधावी और जरूरतमंद विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति दी गई। यह छात्रवृत्ति विभिन्न विभागों के 33 योग्य छात्रों को प्रदान की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने शैक्षणिक उत्कृष्टता को बढ़ावा देने और छात्रों के लिए वित्तीय बाधाओं को कम करने के लिए संस्थान के अटूट समर्पण पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्रगति की आधारशिला है और यह सुनिश्चित करना हमारा कर्तव्य है कि प्रतिभाशाली छात्रों को उनकी वित्तीय पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना अपने सपनों को हासिल करने के लिए संसाधन मिले। इस कार्यक्रम में छात्रवृत्ति समिति के संयोजक डॉ. पिंकी गुप्ता, डॉ. सुरेंद्र कुंडू, डॉ. भारती विज और श्याम रहेजा शामिल हुए। संवाद